खेलकूद

एनडीवीएसयू की अंतर-महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में शान, विकास, कृष्णा और वर्षा रहे अव्वल

# उत्कर्ष-26 में एथलेटिक्स और टीम खेलों में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन





**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू) में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता 'उत्कर्ष-26' के अंतर्गत विभिन्न एथलेटिक स्पर्धाएँ उत्साह और प्रतिस्पर्धा के माहौल में संपन्न हुईं। विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### एथलेटिक स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन

200 मीटर बालक वर्ग में शान रघुवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अब्दुल सारिक द्वितीय और अविनाश सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

1500 मीटर बालक वर्ग में कॉलेज ऑफ वेटरिनरी साइंस एंड एएच, जबलपुर के विकास बघेल विजेता बने। रीवा के सतीश वर्मा द्वितीय तथा जबलपुर के सूरज जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे।

### बालिका वर्ग में भी कड़ा मुकाबला

200 मीटर बालिका वर्ग में जबलपुर की कृष्णा यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि महू की प्रियांशी मोरे द्वितीय रहीं। 1500 मीटर बालिका वर्ग में महू की वर्षा चौहान ने बाजी मारी। जबलपुर की छवि यादव ने द्वितीय और प्रियांशी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक (बालिका वर्ग) में जबलपुर की रश्मि सोनी ने पहला स्थान हासिल किया। फिशरीज कॉलेज की प्रेरणा द्वितीय तथा रीवा की साक्षी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं।

### टीम खेलों में भी रोमांचक मुकाबले

टीम खेलों में क्रिकेट (बालक) प्रतियोगिता का खिताब जबलपुर टीम ने जीता, जबकि खो-खो (बालिका) में महू की टीम विजेता रही। बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक और बालिका दोनों वर्गों में महू महाविद्यालय की टीम ने जीत दर्ज की।

### साहित्यिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित

खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ महाविद्यालय के सभागार में वाद-विवाद, भाषण और तत्काल भाषण जैसी साहित्यिक प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर जबलपुर, महू, रीवा के वेटरिनरी कॉलेज तथा फिशरीज कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, आयोजन समिति के सदस्य और क्रीड़ा अधिकारी भी उपस्थित थे।




# एमपीएसएफ मंडला और जैक आर्मी ने जीते मुकाबले

**नवभारत, जबलपुर।** रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा रेलवे ग्राउंड में चतुर्थ फोर्स कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता रेल सुरक्षा बल पश्चिम मध्य रेलवे के मुखिया महानिरीक्षक राजीव यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में विभिन्न सुरक्षा बलों की कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता के सभी मैचों का पहली बार यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव प्रसारण भी किया जा रहा है, जिससे खेल प्रेमी एवं खिलाड़ियों के परिजन घर और कार्यस्थल से भी मैचों का आनंद ले पा रहे हैं। बुधवार को प्रतियोगिता के अंतर्गत तीन रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

### एमपीएसएफ मंडला बनाम आईटीबीपी

एमपीएसएफ मंडला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमपीएसएफ मंडला की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईटीबीपी की टीम 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार एमपीएसएफ मंडला ने यह मैच जीत लिया। वही दूसरा मैच जैक आर्मी बनाम एएससी आर्मी के बीच हुआ जिसमे आर्मी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जैक आर्मी की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 189 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए 54 एएससी आर्मी की टीम निर्धारित 15 ओवर में 170 रन ही बना सकी। इस प्रकार जैक आर्मी ने यह मुकाबला जीत लिया।

# छिंदवाड़ा ने कटनी को हराकर फाइनल में बनाई जगह



▶ रोमांचक सेमीफाइनल में 7 विकेट से जीत, आज जबलपुर से खिताबी मुकाबला

**नवभारत, जबलपुर।** अंडर-18 बालक वर्ग एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत बुधवार को एमपीसीए स्टेडियम नीमखेड़ा में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में छिंदवाड़ा जिले ने कटनी को 7 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का आयोजन 7 मार्च से जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज सुबह 9 बजे से जबलपुर और छिंदवाड़ा के बीच खेला जाएगा।

### कटनी ने सभी विकेट खोकर बनाए 190 रन

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कटनी जिले की टीम ने 47 ओवर में सभी विकेट खोकर 190 रन बनाए। टीम की ओर से प्रतीक त्रिपाठी ने 45, सार्थक गिरी ने 29, सुमित सिंह ने 27 तथा हर्ष मंगलानी ने 25 रनों का योगदान दिया। छिंदवाड़ा की ओर से युवराज सिंह चौहान ने 3 विकेट लिए, जबकि वेदांत जंगले, युग डेहलिया और अर्नव सिरपुरकर ने 2-2 विकेट तथा वरुण शुक्ला ने 1 विकेट हासिल किया।

### सेजल ने खेली 80 रनों की कप्तानी पारी

191 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छिंदवाड़ा टीम ने जिम्मेदारी भरी बल्लेबाजी करते हुए 43 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 194 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के कप्तान सेजल भादे ने 80 गेंदों में शानदार 80 रनों की कप्तानी पारी खेली। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए वरुण (33) के साथ 80 रनों की साझेदारी की, जबकि वेदांत जंगले (26) के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 रन जोड़े। एक समय टीम के 159 रन पर 7 विकेट गिर गए थे, लेकिन इसके बाद एकलव्य (26 नाबाद) और युग (7 नाबाद) ने आठवें विकेट के लिए 34 रनों की निर्णायक साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। कटनी की ओर से सुमित सिंह और यश तिवारी ने 2-2 विकेट लिए, जबकि प्रतीक त्रिपाठी और अतुल परिहार को 1-1 विकेट मिला। मैच में अम्पायर की भूमिका प्रतीक खरे और रामा राव ने निभाई, जबकि स्कोरर यादव से रहे।

# घरेलू उपयोग के लिए ही सुरक्षित रखी जाएगी एलपीजी की आपूर्ति

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मौजूदा वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए एलपीजी गैस की उपलब्धता के संबंध में बैठक की गई। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के परिपालन में एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर घरेलू गैस उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। इस दौरान बताया गया कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। एलपीजी की आपूर्ति मुख्य रूप से घरेलू उपयोग के लिए ही सुरक्षित रखी जाएगी। नई व्यवस्था के तहत घरेलू गैस सिलेंडर की रिफिल बुकिंग अब पिछली डिलीवरी के 25 दिन बीत जाने के बाद ही स्वीकार की जाएगी। जिससे जिले में गैस की कालाबाजारी और अनावश्यक अफरा-तफरी रुकेगी और प्रत्येक परिवार को सुचारू रूप से गैस सिलेंडर मिल सकेंगे।

# वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के साथ हुई क्विज, पोस्टर, मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता

▶ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय कार्यशाला



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के अवसर पर तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज में 9 व 10 मार्च को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल द्वारा प्रायोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. राजीव चांडक (प्राचार्य, जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज) ने विज्ञान की महत्ता पर तकनीकी प्रस्तुति देते हुए जीवन के हर कदम पर विज्ञान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में अतिथि वक्ता डॉ. के. के. कुशवाहा (विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान, जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज) ने नैनो मटेरियल विषय पर प्रस्तुति दी और 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना' थीम पर महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की।

### विजेता विद्यार्थियों को मिले स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र

कार्यक्रम में डॉ. संजय वर्मा ने 'म्यूजिक-ए-मेलोडियस साइंस' तथा डॉ. शीतल मेहता ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय महिलाओं की उपलब्धियों पर प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए साइंस क्विज, पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग, वाद-विवाद और साइंटिफिक रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष आर. एन. पहारिया, सचिव इंजी. शरद गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आई. के. खन्ना, प्राचार्य डॉ. बी. के. साहू सहित सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# लायंस क्लब ने मनाया होली मिलन समारोह

**नवभारत, जबलपुर।** लायंस क्लब जबलपुर ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी.एम.जे.एफ. विजय अग्रवाल, रीजन चेयरमैन लायन श्रद्धा साहू, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम.जे.एफ. लायन नरेन्द्र जैन और क्लब संरक्षक पी.एम.जे.एफ. लायन राजीव अग्रवाल प्रमुख अतिथि थे। ध्वज वंदना लायन रीता गुप्ता ने की। क्लब अध्यक्ष लायन मनीषा सोनी ने स्वागत भाषण दिया और क्लब की गतिविधियाँ साझा कीं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब की सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सदस्य वृद्धि और नए सम्मानित सदस्यों को बधाई दी। क्लब ने वंदन पुनर्वास केंद्र, विजय नगर में सेवा सत्र आयोजित किया। क्लब ने संस्था को 25 हजार और लायन उमेश जैन ने 11 हजार रुपये दान किए। बच्चों के कौशल विकास हेतु दो सिलाई मशीन देने की घोषणा भी की गई। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राजीव अग्रवाल ने बच्चों और स्टाफ को पौष्टिक भोजन कराकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन लायन ज्ञान गोलछा ने किया। सचिव लायन हरीलाल पटेल, कोषाध्यक्ष लायन दीपक पोपट, नए सदस्य लायन शील महदेल और लायन जे पी सोनी सहित सभी प्रमुख सदस्य उपस्थित थे।

# पारंपरिक फाग गीतों और नृत्य से माहौल हुआ उत्सवमय

▶ लोक रंग फाग के संग' कार्यक्रम में बुंदेली लोक संस्कृति की शानदार प्रस्तुति




**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा 'लोक रंग फाग के संग' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दमोह जिले के बिसमाखेड़ी ग्राम से आई 20 सदस्यीय फाग मंडली ने पारंपरिक फाग गीतों और नृत्य से माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल और प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी द्वारा फाग मंडली के स्वागत से हुई। प्रो. शुक्ल ने कहा कि फाग हमारी समृद्ध लोक संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और नई पीढ़ी को इससे परिचित कराना आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं। फाग मंडली ने 'चले आते हैं कुंवर कर सोहे धनुष और बान...' सहित कई पारंपरिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बलिराम अहिरवार ने किया तथा उन्होंने फाग मंडली के साथ गायन भी किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉ. ममता तिवारी, डॉ. राजीव मिश्रा, डॉ. मृत्युंजय सिंह, डॉ. डी.के. मिश्रा, डॉ. हेमंत तनकंपन, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. शिवचंद्र वल्के, डॉ. रविश तमन्ना ताजिर, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, डॉ. रुकमणि अहिरवार, डॉ. ज्ञानेश पांडे, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, श्रीमती ललिता लोधी, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, डॉ. ममता गुप्ता, डॉ. संघप्रिया तिवारी, बबिता सिंह सहित लगभग 182 विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# घसिया बस्ती में बिखरी जागरूकता की अलख

▶ नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया गया स्वच्छता का संदेश

**नवभारत, जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के पायदान पर शीर्ष पर ले जाने के संकल्प के साथ नगर निगम निरंतर नवाचार कर रहा है। इसी कड़ी में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर संभाग क्रमांक 16, वार्ड 50 के अंतर्गत आने वाली घसिया बस्ती में एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने जीवंत अभिनय के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। नाटक के जरिए स्थानीय नागरिकों को समझाया गया कि कैसे छोटी-छोटी आदतें, जैसे गीला और सूखा कचरा अलग करना और डस्टबिन का उपयोग करना, पूरे क्षेत्र की तस्वीर बदल सकती हैं। इस मौके पर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि इस आयोजन की खास बात क्षेत्र के स्कूली बच्चों और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को 'स्वच्छता दूत' के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं महिलाओं को घर से निकलने वाले कचरे के सही निपटान और प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाने की जानकारी दी गई। आयोजन में स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से अपने वार्ड को आदर्श और स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1266/अ-6/2025-26
जबलपुर दिनांक 25/02/2026

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम बढनपुर प.ह.नं. 19 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक के.एल. चन्देलकर निवासी-सैनिक सोसायटी जबलपुर के द्वारा ग्राम बढनपुर नं.बं. 48 प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. 9165 तहसील गोरखपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 163/1/1 रकवा 430 वर्गफुट हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक दिनांक 02/05/1990 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन हैं। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 09/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25/02/2026 को जारी।

मोहर

पेशी दिनांक- 09/03/2026

तहसीलदार गोरखपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नीरज गुप्ता एवं लकी सोनी का सौदा मौजा मुर्रई प.ह.नं. मुर्रई तह. कटंगी जिला जबलपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नं.130 रकवा 1.8600 हे. में से अपने हक हिस्से की भूमि रकवा 0.4000 हे. को विक्रय करने का अनुबंध क्रेता-विक्रेता के मध्य किया गया है। अनुबंधित भूमि सिंचित एक फसली व कटंगी मुख्य मार्ग पर स्थित है को विक्रय करने का अनुबंध पत्र पक्षकारों के मध्य किया जा रहा है। संपत्ति की चौहद्दी- उत्तर में खसरा नं.130 का शेष भाग, दक्षिण में ग्राम भिलौदा की सरहद व शमशान घाट की भूमि, पूर्व में कटंगी मुख्य रोड, पश्चिम में ग्राम भिलौदा की सरहद स्थित है से विक्रेता- श्रीमती दीप्ती सिंह पति स्व. श्री देव राज सिंह, देव प्रताप सिंह पिता स्व. श्री देव राज सिंह दोनों निवासी- म.नं.121, कटंगी रोड ग्राम भिलौदा तह. कटंगी जिला जबलपुर, श्रीमती साक्षी राजपूत पिता स्व. श्री देव राज सिंह (पति श्री अनिक राज सिंह) निवासी म.नं.89, ग्राम जुझारी उमरिया, जिला जबलपुर, सष्टि एवं अम्बिका पिता स्व. श्री देव राज सिंह निवासी म.नं.121, कटंगी रोड ग्राम भिलौदा तह. कटंगी जिला जबलपुर, जिसका निकट समय में मेरे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन किया जाना तय हुआ है, उक्त सौदा के सम्बन्ध में यदि किसी वित्तीय संस्थान, आम जनता, शासकीय, अशासकीय, निकाय, कंपनी, बैंक आदि किसी को कोई भी आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेजों सहित व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज कराये निहित समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। एवं मेरे पक्षकार द्वारा बैनामा पंजीयन करा लिया जावेगा।
जबलपुर दिनांक 10.03.2026

के.के. पाण्डेय (अधिवक्ता)
कार्यालय-हाट बाजार, विजयनगर जबलपुर
मो.9300119992, 9981907172

**पश्चिम मध्य रेल**
वाणिज्य विभाग जबलपुर मंडल
क्र. जबल/सी/170/ई-ऑक्शन/विविध/26
दिनांक : 09/03/2026

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर द्वारा IREPS पर पंजीकृत संस्थाओ से ई-ऑक्शन के माध्यम से सामान्य भुगतान और उपयोग वाले शौचालय का संचालन एवं एसएलआरलीजिंग ठेके हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर प्रकाशित किया जा चुका है जबलपुर मंडल के आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है।, **श्रेणी**- पे एंड यूज, **कैटेलाग**- JBP-PAYUSE-MML, **एसेट विवरण**- मदन-महल में सामान्य भुगतान और उपयोग शौचालय का संचालन।, **ऑक्शन प्रारंभ**- 20/03/2026, 12:30 hrs, **ऑक्शन समापन**- 20/03/2026, 13:00 hrs, **श्रेणी**- पार्सल लीजिंग, **कैटेलाग**- JBP-C-PLS-26, **एसेट विवरण**- जबलपुर मंडल की गाड़ी संख्या 11702, 22181, 11754, 12062, 12187, 20906, 20152, 11651, 12121 एवं 12192 के एसएलआर लीजिंग हेतु।, **ऑक्शन प्रारंभ**- 18/03/2026 12:00 hrs, **ऑक्शन समापन**- 18/03/2026 14:00 hrs, 1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. देखे।, 2. उक्त ई-ऑक्शन आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन मोड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है।, 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई. आर. ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।, 4. बोलीदाता IREPS में उल्लेखित दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है।, 5. सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in.का अवलोकन करते रहे।

(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य),
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056**
E-mail ID : eeemdv2bargidam@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑनलाईन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम प्रोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू.में) | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 136/तक. 2025-26 दिनांक 27/02/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-486728_1 | रा.अ.बा.लो.सा. परि. के बरगी बांध में स्थित 05 प्रवेश द्वार के मरम्मत का कार्य। | 96,040.00 रूपये (छयानवे हजार चालीस) मात्र | 1921.00 (रू.एक हजार नौ सौ इक्कीस) मात्र | 1000.00 (रू. एक हजार)मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत। | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 137/तक. 2025-26 दिनांक 27/02/2026 (द्वितीय आमंत्रण) | 2026-NVDA-486741_1 | रा.अ.बा.लो.सा. परि. की बांयी एवं दांयी गैलरी में लगी एच.टी. लाइन का सुधार एवं रखरखाव का कार्य। | 2,16,355.00 रूपये (दो लाख सोलह हजार तीन सौ पचपन) मात्र | 4327.00 (रू.चार हजार तीन सौ सत्ताईस) मात्र | 2000.00 (रू. दो हजार)मात्र | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत। 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का लाइसेंस | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | | कुल योग रू. | 3,12,395.00 | | | |

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 24/03/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 2. प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम :24/03/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 3.निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 26/03/2026, 10:30 से 26/03/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 4. प्राइज बीड खुलने की तिथि : 26/03/2026,10:31 से 26/03/2026 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 5.निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। 6.निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर)
कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास (वि./याँ.)
संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर जबलपुर(म.प्र.)

जी-27056/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO-973 2026_UAD_489381_1 10/03/2026 | संभाग क्रमांक-03 रामपुर अंतर्गत गिरीराम किशोर कपूर वार्ड में दीपक विश्वकर्मा के घर से सूरज टाकुर की चक्की तक रोडके दोनों ओर नाली 400 मी. नाली निर्माण कार्य। तृतीय निविदा CM Monit A+ | 03 माह ₹.8.41 लाख | ₹.2000/- ₹.8475/- | 25/03/2026 |
| 2. | PRO-973 2026_UAD_489381_2 10/03/2026 | संभाग क्रमांक-03 रामपुर अंतर्गत गिरीराम किशोर कपूर वार्ड में सिद्धपीठ श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर मदन महल जबलपुर में सार्वजनिक स्थल पर बाउन्डीवाल निर्माण कार्य। तृतीय निविदा CM Monit A+ | 02 माह ₹.5.92 लाख | ₹.2000/- ₹.5929/- | 25/03/2026 |
| 3. | PRO-973 2026_UAD_489381_3 10/03/2026 | संभाग क्रमांक-03 रामपुर अंतर्गत शहीद गुलाब सिंह वार्ड में लखन साहू से शुक्ल जी के घर तक एवं मुख्य सड़क जाने का निर्माण कार्य। तृतीय निविदा CM Monit A+ | 02 माह ₹.20.23 लाख | ₹ 5000/- ₹.15175/- | 25/03/2026 |
| 4. | PRO-973 2026_UAD_489381_4 10/03/2026 | संभाग क्रमांक-03 रामपुर अंतर्गत सिंह वार्ड में शहीद गुलाब पिपलेश्वर में स्थित जर्जर सार्वजनिक टायलेट को तोड़कर नया निर्माण कार्य। चतुर्थ निविदा CM Monit A+ | 03 माह ₹.10.31 लाख | ₹. 2000/- ₹.7733/- | 25/03/2026 |
| 5. | PRO-973 2026_UAD_489381_5 10/03/2026 | संभाग क्रमांक-03 रामपुर अंतर्गत तमिल धर्मशाला के पास सार्वजनिक स्थल पर भवन निर्माण कार्य। पंचम निविदा | 03 माह ₹.1.67 लाख | ₹.2000/- ₹.3348/- | 25/03/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptender.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर